# कुछ रिन्यूअल, कुछ नई पदस्थापना, कुछ को प्रमोशन

## भाजपा कार्यकारिणी में किरण ठाकुर को फिर मिला कोष संभालने का काम, टेलर को मिला प्रमोशन

**शाजापुर, 10 सितंबर. शाजापुर भाजपा की बहुप्रतीक्षित जिला कार्यकारिणी घोषित हो गई. इस कार्यकारिणी में महिला नेत्री को भी कोटा के तहत शामिल किया गया है. कुछ का पद के लिए रिन्यूअल हुआ है, तो कुछ कार्यकारिणी में नई पदस्थापना के साथ आए हैं. तो कुछ को प्रमोशन मिला है. कुछ फ्रेश पदस्थापना हुई है. भाजपा कोष का जिम्मा एक बार फिर किरण सिंह ठाकुर को दिया गया है. हालांकि वे महामंत्री बनने के इच्छुक थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें फिर कोषाध्यक्ष बनाया. तो वहीं मीडिया प्रभारी पर नया नाम आया है. पुराने मीडिया प्रभारी को मंत्री बनाकर प्रमोशन दिया गया है.**

गौरतलब है कि भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे की टीम की घोषणा हो गई है. अब उनकी टीम में 8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, 3 महामंत्री, 1 कार्यालय मंत्री, 1 मीडिया प्रभारी, 1 सह मीडिया प्रभारी पदों के साथ संगठन के काम का वितरण किया गया है. इस कार्यकारिणी में कुछ चेहरे पुराने भी हैं. जैसे महामंत्री विजय सिंह बैस पिछली कार्यकारिणी में भी महामंत्री थे. इस बार भी उन्हें महामंत्री बनाया गया है. किरण ठाकुर को पिछली बार भी कोषाध्यक्ष का दायित्व मिला था. इस बार भी उन्हें कोषाध्यक्ष बनाया गया है. राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के लिए कई महिला नेत्रियों को जिला कार्यकारिणी में स्थान मिला है. जिले में सभी वरिष्ठ नेताओं के सामंजस्य और उनके समर्थकों को भी जिला कार्यकारिणी में स्थान मिला है.

### जो बच गए हैं वे अब प्रदेश कार्यकारिणी में दावेदारी करेंगे...

शाजापुर जिले में जिला कार्यकारिणी के लिए दावेदारों की संख्या दो दर्जन से अधिक थी . लेकिन जो लोग जिला कार्यकारिणी में नहीं आ पाए, वे अब प्रदेश कार्यकारिणी में आने के लिए अपने-अपने राजनीतिक आकाओं से गुहार लगाएंगे . हालांकि अभी भाजपा में मोर्चाओं की भी नियुक्ति होना है . अब देखना है कि भाजपा जिला कार्यकारिणी के बाद किसको मोर्चाओं में स्थान मिलता है . प्रदेश कार्यकारिणी में शाजापुर से दो से तीन भाजपा नेता शामिल हो सकते हैं . अब देखना यह है कि किसको प्रदेश कार्यकारिणी में मौका मिलता है और किसको नहीं .

### किनका हुआ प्रमोशन, किसका हुआ रिन्यूअल...

जिला भाजपा में जो लोग पिछली कार्यकारिणी में थे . उनमें से कुछ चेहरे इस बार भी कार्यकारिणी में आए हैं . मीडिया प्रभारी रहे उमेश टेलर को इस बार जिला मंत्री बनाया गया . भाजपा की राजनीति में उन्हें संगठन में प्रमोट किया गया है . तो कुछ नई नियुक्ति हुई है . जैसे महामंत्री में रायसिंह मालवीय और कृपालसिंह मेवाड़ा . लेकिन विजय बैस को यथावत महामंत्री पद पर रखा गया है . इसी प्रकार किरण ठाकुर को वापस भाजपा कोष का दायित्व दिया गया है . हालांकि किरण ठाकुर महामंत्री बनने की जुगाड़ में थे, लेकिन उन्हें फिर कोषाध्यक्ष बनाया गया है . लंबे समय से कार्यकारिणी में आने के लिए प्रयासरत शीतल भावसार को जिला भाजपा उपाध्यक्ष पद से नवाजा गया है . इसी प्रकार भाजपा के पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह सिसौदिया के पुत्र देवेंद्र सिंह सिसौदिया को एक बार फिर जिला भाजपा उपाध्यक्ष बनाया गया है . तो सिंधिया कोटे से आशुतोष श्रीवास्तव को यथावत महामंत्री पद पर रखा गया है . नई नियुक्ति की बात करें तो हिरेंद्र सिंह जादौन पहली बार भाजपा में जिला उपाध्यक्ष बने . महिला नेत्री संगीता आर्य, श्रीमती अंजू खत्री को भी महिला कोटे से कार्यकारिणी में शामिल किया गया है . वहीं पिछली बार कार्यकारिणी में रही श्रीमती श्रद्धा आशीष नागर को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है .

## एक नजर में

### 17 को मनाएंगे भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस, घर-घर सम्पर्क कर रहे समाजजन



**सुसनेर, 10 सितंबर** . निर्माण और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन उत्सव आगामी 17 सितंबर को सुसनेर स्थित श्री विश्वकर्मा पर बडे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा . इसको लेकर विगत एक माह से समाज के युवाओं द्वारा तैयारियां की जा रही है . घर-घर संपर्क किया जाकर के आमंत्रण कार्ड दिए जा रहे हैं . साथ ही इस आयोजन में आवश्यक रूप से उपस्थित होने की अपील भी समाज के प्रत्येक घर से की जा रही है . 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा पूजन उत्सव पर कई प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा . अलसुबह भगवान विश्वकर्मा जी का अभिषेक पूजन और उसके बाद श्रृंगार एवं आरती होगी . इस पूजन उत्सव में सुसनेर, मोडी, सोयत, डोंगरगांव, आमला, मोडी समेत कई ग्रामों से समाजजन एकजुट होंगे . जो समाज में व्याप्त कुरूतियों को दूर करने एवं समाज उत्थान को लेकर बैठक के माध्यम से मंथन करेंगे . उसके पश्चात समाज को आगे बढाने हेतु रूपरेखा तैयार की जाएगी . साथ ही पूरे वर्षभर की योजना को लेकर भी चर्चा होगी . गौरतलब है कि विश्वकर्मा भगवान को दुनिया का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है . वे कारीगरों, शिल्पकारों, इंजीनियरों और यांत्रिकी समुदाय के आराध्य देव हैं, क्योंकि वे इनके कार्यों से जुड़े हैं . भगवान विश्वकर्मा को पौराणिक काल के कई शानदार निर्माण जैसे सोने की लंका, भगवान श्री कृष्ण की द्वारिका नगरी एवं इंद्रपुरी आदि का निर्माण किया .

### किसानों की समस्याओं को लेकर आज सुसनेर में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**सुसनेर, 10 सितंबर** . किसानों की समस्याओं को लेकर एवं पीला मोजेक रोग से खराब हो रही किसानों की सोयाबीन की फसल का मुआवजा दिए जाने व बिजली बिलो की समस्याओं का समाधान करने जैसी कई मांगो को लेकर गुरूवार 11 सितंबर को कांग्रेस पार्टी के द्वारा किसान आंदोलन किया जाएगा. सुसनेर विधायक भैरोसिंह परिहार बापू ने बताया 11 सितंबर को यह आंदोलन दोपहर 12 बजे से होगा . उन्होंने कहा कि लगातार बारिश व पीले मोजेक जैसी बीमारियों से इस बार किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं . इसको लेकर उन्होंने पूर्व भी में जिला कलेक्टर को अवगत कराया था . अब वे किसान आंदोलन जिसमें किसान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह चौहान, विधायक राघौगढ़ जयवर्धन सिंह, प्रियव्रत सिंह तथा महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस शामिल होंगे .

### प्रदेश भर में चलाया जाएगा सदस्यता अभियान

**शुजालपुर, 10 सितंबर** . पेंशनरों की समस्या को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा अपने-अपने स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं . वहीं दूसरी ओर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा भी अपने साथियों की समस्याओं को लेकर उनमें सजगता लाने के लिए कार्य शुरू किया जा रहा है, जिसके चलते संगठन के सदस्यों द्वारा प्रदेश भर में सदस्य बनाकर उनकी समस्या सुनकर उसके निदान के लिए प्रदेश स्तर पर कार्य किया जाएगा तथा इस बारे में सरकार को भी अवगत कराया जाएगा . प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रदेश जनसंपर्क मंत्री गंगाधर वर्मा ने बताया कि संगठन के निर्देशानुसार उनके द्वारा अपने साथियों को सजग सक्रिय करने के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ उनके द्वारा 15 सितंबर को बैतूल में जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर संगठन के पदाधिकारी से चर्चा कर उनकी समस्या सुन इस पर विचार विमर्श किया जाएगा . उनके दिए गए सुझाव को प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा . इसी कड़ी में उनके द्वारा 16 सितंबर को नर्मदापुरम में बैठक आयोजित कर पदाधिकारी से चर्चा की जाएगी तथा संगठन की आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी . साथ ही 18 सितंबर को हरदा जिले के पदाधिकारी से चर्चा कर तहसील स्तर के सभी सदस्यों से चर्चा करने के पश्चात संगठन द्वारा दिए गए निर्देशों के बारे में अवगत कराते हुए आगामी रणनीति तैयार करेंगे . इस दौरान में तहसील स्तर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारी से चर्चा करें .

### प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल हुआ प्रतिनिधि मंडल



**शुजालपुर, 10 सितंबर** . भारतीय सिंधु सभा की प्रादेशिक बैठक कन्वेंशनल सेंटर हाल सिंधु भवन के सामने जबलपुर में संपन्न हुई, जिसमें शुजालपुर क्षेत्र से भी समाज का प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ . उज्जैन संभाग प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश कुमार सिंह विशेष रूप से शामिल हुए, जिन्होंने कहा कि सिंधी समाज के व्यक्तियों को कभी भिक्षावृत्ति करते नहीं देखा, न ही अपराधिक प्रवृत्ति करते हुए, मेरे चुनाव में सर्वाधिक सिंधी समाज ने तन मन धन से साथ दिया में उनका सदैव ऋणी रहूंगा . प्रदेश की बैठक में विधायक अशोक रोहाणी, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश वाधवानी, प्रदेश अध्यक्ष गुलाब ठाकुर, महामंत्री महेश ठारवानी, संभाग प्रभारी खुशीराम आचार्य, सोनू बचवानी, प्रदेश युवा शाखा अध्यक्ष मनोज पंजवानी सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे .

### प्रशासनिक अधिकारियों ने खराब हुई सायोबीन फसलों का निरीक्षण किया

**शाजापुर, 10 सितंबर** . जिले में सोयाबीन फसल के खराब होने की लगातार शिकायत मिलने पर जिले की प्रभारी कलेक्टर श्रीमती तन्वी हुड्डा, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, उपसंचालक कृषि आरएल जामरे, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी डॉ .जीआर अम्बावतिया, वैज्ञानिक डॉ . एसएस धाकड़, अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर श्रीमती अर्चना कुमारी सहित अन्य अधिकारियों के दल ने किसानों के खेत में जाकर विभिन्न कारणों से खराब हुई सोयाबीन की फसल का निरीक्षण किया . कृषि वैज्ञानिक डॉ . अम्बावतिया ने बताया कि विभिन्न कारणों से कुछ किसानों की सोयाबीन की फसल को नुकसान हुआ है . उन्होंने बताया कि सोयाबीन की किस्म जेएस 9560 पर मौसम का प्रभाव एवं बीमारी का प्रकोप ज्यादा होता है . साथ ही पीला मौजेक वायरस के संक्रमण से सोयाबीन की फली का साईज छोटा हो जाता है .

### 13 सितंबर को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**शाजापुर, 10 सितंबर** . मप्र शासन ऊर्जा विभाग द्वारा 13 सितम्बर शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 126 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिएए लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलो वाट तक गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट दी जाएगी . मप्र पक्षेविविकंलि के अधीक्षण यंत्री ने बताया कि प्रीलिटिगेशन प्रकरण न्यायालय में दर्ज होने के पूर्व के प्रकरण में विद्युत कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छह माह चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी .

## पुलिस ने बनाए 20 वाहनों के चालान



**मोहन बड़ोदिया, 10 सितंबर. मोहन बड़ोदिया पुलिस ने बुधवार शाम 4 बजे से मोहन बड़ोदिया थाने के सामने विशेष चेकिंग अभियान चलाया.**

उक्त अभियान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर प्रदेश स्तर से 8 सितंबर से 22 सितंबर तक चलाया जाएगा. जिसमे तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट के वाहन चलाने, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने सहित बिना बीमा, बिना लाइसेंस, बिना परमिट के वाहन चलाने पर कार्यवाही की जा रही है. पुलिस ने बुधवार शाम 6 बजे तक कुल 20 चालान बनाए, चालानी कार्यवाही में मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास, एसआई कैलाश नारायण यादव, एएसआई सुभाष पटेल, एएसआई सैय्यद मेहमूद अली, प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह सिकरवार, आरक्षक सुरेश राठौर, सुरेश सौराष्ट्रीय सहित थाने का स्टाफ मौजूद रहा.

## गाय सड़क-सड़क और शहर में कुत्ते बेधड़क...

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

इन दिनों सड़कों पर दो लोगों का राज है. गाय और कुत्ते. सड़कों पर गाय का कब्जा है. तो गली-मोहल्लों में कुत्ते बेधड़क घूम रहे हैं. ऐसी कोई सड़क नहीं है, जहां गाय का चक्काजाम न हो और ऐसी कोई गली नहीं है जहां आवारा कुत्तों का जमघट न हो. न गाय को भगा सकते हैं, क्योंकि गाय को माता का दर्जा है. और कुत्तों को पकड़ो, तो डॉग लवर्स दिल्ली से भोपाल तक फोन घनघना देते हैं. सड़क पर आए दिन गाय की मौत हो रही है और शहर में कुत्ते खूंखार होकर लोगों पर हमला कर रहे हैं. लेकिन बेबसी केअलावा आदमी के पास कुछ नहीं है. सैकड़ों गाय सड़क दुर्घटना में काल के गाल में समा गई हैं. तो वहीं शहर में बच्चे से लेकर बूढ़े कुत्तों का शिकार हो रहे हैं. वो तो गनीमत है कि शाजापुर में सूअर देखने को नहीं मिल रहे, नहीं तो एक समय था कि शाजापुर में लोग सूअरों से परेशान थे. अब देखना यह है कि सड़क को गाय से कब निजात मिलती है और जनता को हमलावर कुत्तों से. क्योंकि जिस तरीके से कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं. वो भी चिंता का विषय है. जिस तरीके से सड़कों पर गौमाता की जान जा रही है, वो भी गंभीर विषय है. ये दो ऐसे विषय हैं कि जिसे चाहकर भी हल नहीं कर पा रहे हैं. यदि कुत्तों को पकड़ने की तैयारी करो, तो डॉग लवर्स दिल्ली से फोन लगवाकर प्रकरण दर्ज कराने की बात करते हैं. वैसे भी कुत्ते सुप्रीम कोर्ट की राहत के बाद राष्ट्रीय पशु बनने की ओर अग्रसर हो चले हैं. दिल्ली में जिस तरीके से कुत्तों को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली. उससे डॉग प्रेमियों में भी खुशी की लहर है.

**संजय की आंख से देखेंगे पत्रकार भाजपा की ओर**

महाभारत में एक संजय थे जो युद्व का आंखो देखा हाल सुनाते थे, अब राजनीति में पत्रकारों को भी एक संजय मिल गए हैं. अब भाजपा को पत्रकारों का हाल संजय की आंखों से दिखाया जाएगा. यदि राजनीतिक संगठन में मीडिया को किसी का प्रभारी बनाया जाता है तो सभी मीडिया से पूछा जाए कि उनका प्रभारी किसे बनाया जाए लेकिन उसके बावजूद भी सभी मीडिया का प्रभारी हर राजनीतिक दल में देखने को मिलता है. अब पहली बार शाजापुर के पत्रकारों को संजय की आंख से भाजपा की ओर देखना होगा.

**कार्यकारिणी के बाद निवरा संगठन में बढ़ी भीड़**

भाजपा कार्यकारिणी के बाद शहर में एक निवरा संगठन भी मौजूद है अब इस निवरा संगठन के अध्यक्ष बनने के कई दावेदार हैं, अब निवरा संगठन की ही कार्यकारिणी गठित होगी. जिसमें कई शहर के नेता शामिल कार्यकारिणी में ना होने का एक दूसरे का दुख दर्द बांटेंगे. वैसे कुछ लोग इसलिए दुखी हैं कि कार्यकारिणी में उन्हें भले ही जगह नहीं मिली लेकिन दूसरे को भी जगह ना मिलने से खुशी है.

**अंत में...**

सरे महफिल में जो बोलूं तो जमाने को खटकता हूं. रहूं में चुप तो अंदर की बगावत मार देती है...

## केवीके में एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शाजापुर, 10 सितंबर. आईटीसी मिशन सुनहरा कल सहयोगी संस्था सीपा के माध्यम से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड अंतर्गत एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गत दिवस कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर में किया गया.**

जिला समन्वयक कमलेश शाह द्वारा जप सीईओ का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई. साथ में चार मुख्य स्तंभों जलवायु, कुशल कृषि, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, आजीविका का विविधीकरण एवं कृषकों का संस्थागत जुड़ाव पर विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई. प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जीआर अम्बावतिया ने जलवायु परिवर्तन से फसलों पर पड़ने वाले प्रभावों एवं आधारित कृषि प्रबंधन एवं मौसम पूर्वानुमान की भूमिका पर प्रकाश डाला और रोग, कीट प्रबंधन की जानकारी दी. साथ ही प्राकृतिक खेती के चार आधार बीजामृत, जीवामृत, मल्चिंग एवं वापसा के महत्व को विस्तार से समझाया. कृषि वैज्ञानिक डॉ.एसएस धाकड़ ने खरीफ सीजन की पीओपी फसल मॉड्यूल की जानकारी देते हुए मृदा स्वास्थ्य सुधार, उन्नत किस्म के बीज और पोषक तत्व प्रबंधन, कटाई, भंडार एवं बाजार पर विस्तार पूर्वक जानकारी से अवगत कराया. वैज्ञानिक डॉ. गायत्री वर्मा रावल ने माड्यूल आधारित आजीविका विविधिकरण और पोषण वाटिका के अंतर्गतगत सब्जी उत्पादन को ले कर विस्तार पूर्वक जानकारी से अवगत कराई. कार्यक्रम में आत्मा विभाग के पीडी डॉ.स्मृति व्यास ने क्लस्टर प्रकृति खेती से होने वाले लाभ पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी. इस कार्यक्रम के अंतिम में जनपद पंचायत सीईओ अमृतलाल सिसोदिया ने आईटीसी के कार्य की सराहनीय करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को मिलकर कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया. इस अवसर पर अवसर पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, आत्मा परियोजना, वॉटरशेड टीम, आईटीसी मिशन सुनहरा कल व सीपा संस्था टीम और प्रगतिशील किसान उपस्थित थे.

### जिला उपाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत

**सोयतकलां, 10 सितंबर.** भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने आगर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की. जिसमें नगर के भारतसिंह चौहान को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया. नियुक्ति पर पार्षद प्रकाश जाटव के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया. जिसमें जिला उपाध्यक्ष भारतसिंह चौहान का फूल माला साफा पहनाकर सम्मान किया. इस अवसर राजेश राठौर, नरेश जाटव, विष्णु जाटव, मदनलाल जाटव,पिंटू जाटव, संपत गुर्जर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

### उद्योगों के लिए भूखंड आवंटन की प्रक्रिया 15 सितमंबर तक

**सुसनेर, 10 सितंबर.** ग्राम आंकली में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा स्थापित कराए गए औद्योगिक क्षेत्र में भूखण्ड आवंटन प्रक्रिया 01 से 15 सितंबर की सायं 5 बजे तक संचालित है. इच्छुक एमएसएमई श्रेणी के निवेशक पोर्टल पर लॉगिन कर 5 हजार रूपये के आवेदन शुल्क तथा 25 प्रतिशत प्रब्याजी का अग्रिम भुगतान कर भूखण्ड की बुकिंग कर सकते हैं. ग्राम आंकली औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई विभाग द्वारा न्यूनतम 24 रूपये वर्गफीट की दर से निर्धारित किया गया. इस हेतु एमएमएमई श्रेणी की विनिर्माण इकाईयों, निवेशक आधार, पेन, मोबाइल नम्बर, ईमेल, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, पीईआरटी, मैप, बैंक खाता की जानकारी, फोटो इत्यादि दस्तावेजों के साथ एमपीएमएसएमई पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं.

## पितरों को भोग लगाने ढूंढने से भी नहीं मिल रहे कौवे

**सुसनेर, 10 सितंबर. पितरों के दूत कहे जाने वाले कौवे इस बार पितरों के नाम की भोग की थाली खाने के लिए भी मौजूद नहीं है. शहर में कौवों की कमी अब श्राद्ध पक्ष में लोगों के लिए मुसीबत बन गई है. दरअसल, इसकी वजह है शहरी इलाकों में पेड़ पौधों की कमी और शहर में दाना पानी का अभाव है. जिसके चलते बीते समय से शहरी इलाकों से कौवे पूरी तरह गायब हो चुके हैं.**

श्राद्ध पक्ष शुरू होते ही बड़ी उम्मीद से अपने पितरों को तरह-तरह का भोजन कराने की ख्वाहिश लिए शहरवासी हर रोज अपने घर के बाहर एवं छतों पर कौवों का इंतजार करते हैं. लेकिन वे नहीं आते हैं. एक दो कौएं नजर आ भी जाए तो वे भोजन करने नहीं पहुंच रहे है. शहरवासी अपने अपने पितरों का भोग अर्पित करने लगातार 15 दिन तक कौवों का इंतजार करते हैं, जो निराश होकर भोग की सामग्री गाय या फिर श्वानो को अर्पित करने को मजबूर है.

### श्राद्ध की पंचबलि...

पंडित गोविंद शर्मा के अनुसार श्राद्ध के समय जब हम भोजन बनाते हैं तो उसमें से कुछ हिस्सा पितरों के लिए अलग रखा जाता है . यही अंश गाय, कुत्ते, चींटी, कौवे और देवताओं को अर्पित किया जाता है . इन पांचों के लिए भोजन का हिस्सा निकालकर जो अर्पण किया जाता है, उसे पंचबलि कर्म कहा जाता है .

**पितरों को भोग लगाने भटक रहें हैं लोग...**

दरअसल, शहर में श्राद्ध पक्ष के दौरान यह समस्या सिर्फ एक परिवार की नहीं बल्कि हजारों परिवारों की है. जो इन 15 दिनों में कौवा को तरह-तरह का भोग लगाने के लिए जहां तहां भटकते नजर आते हैं. जिन्हें खुद भी नहीं पता कि उनका भोग कौए खाएंगे या नहीं, लेकिन एक आस में भोग अपने घरों की छतों पर रख कर चले जा रहें हैं ताकि शायद कौवा भोग खा ले और उनके माध्यम से भोग पितरों तक पहुंच जाए.

### इन्हें बचाने जागरूकता की कमी...

गौरैया जैसी चिड़ियों की तरह ही अब कौवा को भी बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाई जाने की जरूरत है . जिससे कि न केवल इस सर्वभक्षी पक्षी का शहर में अस्तित्व बना रह सके, बल्कि वह श्राद्ध पक्ष में अर्पित किए जाने वाले भोग को पितरों तक पहुंचाने का माध्यम भी बने रह सकें . कौवा पेड़ पौधों पर अपने घोंसले बनाता है लेकिन वर्तमान समय में खेतों में पेस्टीसाइड और अन्य कर्म से कीट पतंग को खाने का भी दुष्प्रभाव पक्षियों पर पढ़ रहा है . जिनके कारण इनके अंडे देने की क्षमता घटने के साथ अंडों के शेल भी कमजोर पाए जा रहे है .

## एक नजर में

### सड़कों की असली मरम्मत अब भी अधूरी, रहवासी बोले कब जागेगा प्रशासन पूरी तरह

# सड़क पेंचवर्क के नाम सिर्फ गड्ढों की लीपापोती कर की इतिश्री



**(इरशाद खान) मक्सी, 10 सितंबर. नवभारत द्वारा मक्सी रेलवे स्टेशन मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर प्रकाशित विशेष खबर का असर जरूर हुआ, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई महज़ औपचारिकता तक सीमित रही. सड़क के गड्ढों को भरने की खानापूर्ति तो की गई, लेकिन साइड शोल्डर व जलनिकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है.**

स्थानीय रहवासी संजय अग्रवाल का कहना है कि विभाग द्वारा केवल गड्ढे भरकर लीपापोती कर दी गई है, लेकिन साइड शोल्डर को सही तरीके से नहीं भरा गया. जिससे स्कूली बच्चों के गिरने की समस्या अभी भी बनी हुई है. *नवभारत* समाचार पत्र में मक्सी से रेलवे स्टेशन से झोकर रोड फाटक तक का मात्र 500 मीटर रोड के लिए एक खबर प्रकाशित की थी, इसके पश्चात पीडब्ल्यूडी विभाग ने कुछ गड्ढे भरकर इतिश्री कर ली, जबकि उस रोड पर सामने से एक फोर व्हीलर वाहन आ जाए तो पैदल चलने वाले यात्री को नीचे उतरने के लिए भी जगह नहीं बचती. क्योंकि साइड सोल्डरों में एक एक फीट के गड्ढे बन गए हैं. साथ ही उस रोड के आसपास झाड़ियां भी वाहनों से टकरा रही है जो पूरे 500 मीटर रोड को खराब कर रही है. यह रोड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है. मक्सी का रेलवे स्टेशन रोड कब भ्रष्टाचार से मुक्त होगा और प्रशासन कब सूद लेगा. बता दें कि मक्सी रेलवे स्टेशन तक जाने वाला मुख्य मार्ग वर्षों से बदहाल है और बरसात में यह रास्ता कीचड़ व फिसलन का दलदल बन जाता है. रहवासी, बुजुर्ग और महिलाएं इस रास्ते पर चलने से घबराते हैं. हालांकि नवभारत की खबर के बाद विभागीय अमला हरकत में तो आया पर यह काम दिखावे से ज्यादा कुछ नहीं लगा. न सड़कों की समुचित मरम्मत हुई और न ही जल निकासी या लाइटिंग की व्यवस्था की गई. रहवासियों का कहना है कि जब तक इस मार्ग की संपूर्ण मरम्मत, रोड शोल्डर, प्रकाश व्यवस्था और जलनिकासी नहीं होती तब तक स्टेशन तक का सफर जोखिम भरा ही रहेगा.

### कनिष्ठ यंत्री ने काफी हद तक बिजली व्यवस्था को किया दुरुस्त

**मोहन बड़ोदिया, 10 सितंबर.** कनिष्ठ यंत्री राहुल गौतम ने मोहन बड़ोदिया क्षेत्र में काफी हद तक विद्युत व्यवस्था में सुधार किया है, बुधवार दोपहर 12 बजे मीडिया से चर्चा में कहा किए मोहन बड़ोदिया में जहां जहां विद्युत फाल्ट हो रही है, वहां की विद्युत केबल बदलने का कार्य किया जा रहा है. कनिष्ठ यंत्री ने कहा जल्द ही मोहन बड़ोदिया की फूलचंद चौराहे की केबल भी बदली जाएगी. मोटी केबल आ चुकी है, ताकि बार-बार विद्युत फाल्ट से निजात मिल जाएगी. पूर्व में भी अम्बे माता मंदिर, नलखेड़ा रोड, आगर रोड़ की केबल बदली गई है. ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े. यहां तक कि नलखेड़ा रोड़ मंडी वाले ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा होने के चलते बार, बार फेस उड़ रहा है. इसलिए 100 केवीए के अतिरिक्त ट्रासफफार्मर की डिमांड के लिए जिला अधिकारियों को अवगत करवा दिया.